卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 238 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦8 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

भारतीय सेना को मिले 355 युवा जांबाज

पीओपी की परेड में 394 कैडेटों समेत 39 विदेशी कैडेट पास आउट हुए

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से पासआउट होकर 355 युवा भारतीय सेना में अफसर बन गए। इस दौरान विदेशी मित्र राष्ट्रों के 39 कैडेट भी पास आउट होकर अपने देश की सेना में अफसर बनेंगे। पासिंग आउट परेड में युवा अफसरों का हौसला देखते ही बन रहा था। कैडेट चौडवुड ड्रिल स्क्वायर पर कदम ताल करते आए तो सामने दर्शक दीर्घा में बैठे परिजनों ने उनकी हौसला अफजाई की। आईएमए से कसम परेड के बाद सेना में बतौर लेफ्टिनेंट सेवा का पहला कदम यहां से भरकर निकले। परेड की सलामी उत्तरी कमांड के जीओसी ले.**(शेष पेज सात पर)**

डीएम कैंप कार्यालय में शराब पीते पकड़े गए तीन सिपाही निलंबित

नैनीताल(उद संवाददाता)। हल्द्वानी में जिलाधिकारी कैंप कार्यालय और आवास की सुरक्षा में तैनात तीन सिपाहियों के कार्यालय परिसर में शराब पीते हुए पाए जाने पर एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार करीब छह दिन पहले डीएम कैंप कार्यालय में सुरक्षा गार्द में तैनात तीन पुलिसकर्मियों के शराब पीने के मामले में एसएसपी को शिकायत मिली थी। नैनीताल सशस्त्र पुलिस के सिपाही शंकर सिंह, दीपक सिंह राणा और मनोज सिंह राणा पर डीएम आवास परिसर में ड्यूटी में लापरवाही बरतने और शराब पीने का आरोप था। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी। सीसीटीवी फुटेज **(शेष पेज सात पर)**

दबंगों ने परिजनों पर किया हमला

जमीन पर कब्जा करने की नीयत से मकान में की तोड़फोड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल में विधायक के नाम पर रंगदारी मांगने का मामला अभी ठंडा ही हुआ है कि कुछ दबंग लोगों ने विधायक का नाम लेकर एक गरीब व्यक्ति के मकान में तोड़फोड़ कर दी। मोहल्ला भदईपुरा में गत प्रातः कुछ दबंग लोगों ने एक व्यक्ति के मकान की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से पहले उसके मकान में तोड़फोड़ की फिर परिजनों पर हमला कर दिया। पीड़ित जब पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंचा तो पुलिस ने मामले में कार्रवाई करने के बजाए दबाव में आकर पीड़ित का ही पुलिस एक्ट में चालान कर दिया। पीड़ित ने बताया कि वह शनि मंदिर के पीछे भदईपुरा में परिवार सहित निवास कर रहा है व अनुसूचित जाति उप जाति (जाटव) का मजदूर गरीब व्यक्ति है। उसका घर मंदिर की चारदीवारी से सटा हुआ है। वह अपने घर की दीवार व छत की मरम्मत कर रहा था। 7 जून को सुबह कुछ लोग जबरन उसके घर में घुस आए आते ही गालियां देते हुए काम कर रहे राज मिस्त्री व मजदूरों को पीटने लगे।शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए जिन्होंने उसे**(शेष पेज सात पर)**

बैंक में कर्मचारी ने खाया जहर

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा जिले में एक बैंक कर्मचारी ने दफ्तर परिसर में ही जहर खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई, वहीं परिजनों ने आरोप लगाया हैं। बता दें की अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट स्थित घघलोडी निवासी अमित कुमार (32) की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई है। अमित भारतीय स्टेट बैंक की द्वाराहाट शाखा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। पांच जून को उसने बैंक की शाखा में ही जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे एसटीएच रेफर

फर्जी हस्ताक्षर से हड़पे लाखों रूपये

लेखाकार के खिलाफ मुकदर्मा दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला बाल संरक्षण इकाई के खाते से लेखाकार द्वारा योजना की धनराशि अपने खाते में हस्तांन्तरित कर हड़पने का मामला सामने आया है। विभाग द्वारा उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। एसएसपी से की गई शिकायत के बाद दर्ज रपट में व्योमा जैन जिला प्रोवेशन अधिकारी ऊधमसिंह नगर ने कहा है कि महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत मिशन वात्सल्य योजना जिला बाल संरक्षण ईकाई ऊधमसिंह नगर ईकाई में आउटसोर्स एजेन्सी क्रिएटिव सर्विसेज पिथौरागढ़ से योजित कार्यरत लेखाकार रामपाल सिंह हाल निवासी भूरारानी रूद्रपुर द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के खाते से आहरण वितरण अधिकारी जिला प्रोवेशन अधिकारी उधमसिंहनगर के कूटरचित हस्ताक्षरों के माध्यम से योजना की धनराशि को अपने स्वयं के खाते में हस्तान्तरित कर अवैध भुगतान किया गया है। उनका आरोप है कि पीपीए धनराशि 592000 रूपये 27 मई 2024 को, पीपीए धनराशि 240000 रूपये 30 मई 2024 को एवं पीपीए धनराशि 944 रूपये 18 मई 2024,को, पीपीए धनराशि 9456 22 मई 2024 को । लेखाकार रामपाल सिंह द्वारा दिनांक 17 **(शेष पेज सात पर)**

बैंक खाते से 8.30 लाख रूपये उड़ाए

काशीपुर। यूपीआई के माध्यम से धोखाधड़ी कर 8:30 लाख रुपए बैंक खाते से निकाले जाने का एक हैरतअंगेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात शख्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर दशमेश कॉलोनी मानपुर रोड काशीपुर निवासी हरेंद्र सिंह पुत्र अजीत सिंह ने बताया कि बीते 25 फरवरी से 19 मार्च के बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके स्टेट बैंक के

राज मिस्त्री ने फांसी लगाकर दे दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मध्य रात्रि सौरभ नगर ट्रांजिट कैम्प में अज्ञात कारणों के चलते राज मिस्त्री ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रातः मामले की जानकारी मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार सौरभनगर पीलीकोठी ट्रांजिट कैम्प निवासी 30 वर्षीय कृपा सरकार पुत्र बाबू सरकार ठेके पर राजमिस्त्री का काम करता था। परिवार में उसके पिता बाबू सरकार, माता सपना सरकार, पत्नी रोशनी सरकार व सात तथा तीन साल के दो बच्चे हैं। गत सायं उसकी पत्नी बच्चों को घर में छोड़ पड़ोस में ही रहने वाले अपने भाई के घर गई थी। बताया जाता है कि उसका पत्नी रोशनी से अक्सर झगड़ा होता रहता था। आज मध्य रात्रि करीब एक बजे पडोस में किसी व्यक्ति की तबीयत खराब होने के कारण कृपा कुछ लोगों के साथ उसे उपचार के लिए डाक्टर के पास ले गया था। वहां से वापस लौटकर वह अपने कमरे में गया और साड़ी से फंदा बनाकर बल्ली से लटक गया। आवाज होने पर उसके पिता बाबू जब उसके कमरे में गये तो उन्होंने कृपा को फांसी पर लटका देखा। जिस पर उन्होंने जल्दी से आस पड़ोस के लोगों को बुला लिया। सभी ने कृपा को फांसी से उतारा तब तक**(शेष पेज सात पर)**

स्मैक सहित महिला नशा तस्कर चच्ची गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बागजला की कुख्यात नशा तस्कर शकीला उर्फ चच्ची को पुलिस ने चैकिंग के दौरान 49 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार विमल मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम के नेतृत्व में थाना पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने चैकिंग के दौरान बागजला गौलापार से महिला नशा तस्कर शकीला उर्फ चच्ची पत्नी महबूब निवासी बागजाला जो मशहूर स्मैक तस्कर महिला को 49 ग्राम स्मैक व हजारों की नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि महिला नशा तस्कर शकीला पूर्व में भी नशा तस्करी में जेल जा चुकी है। पूछताछ में शकीला ने बताया कि उसने यह 10450 रूपये स्मैक बेचकर कमाए हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में संजीत राठौर प्रभारी एसओजी, फिरोज आलम चौकी प्रभारी मल्ला काठगोदाम, हेकानि. हेमंत सिंह, कानि. चंदन सिंह, इंदु जलाल श्वेता मेहता शामिल थी।

उत्तराखंड में ‘हैट्रिक’ के बावजूद बढ़ी ‘भाजपा की चिंताएं’

भाजपा के वोट शेयर में आई तकरीबन पांच प्रतिशत की कमी, धरातल पर सत्ता विरोधी लहर के आकार लेने के स्पष्ट संकेत, निकाय चुनाव की दृष्टि से भाजपा के लिए खतरे की घंटी

– **अर्श** –

ऊधम सिंह नगर। सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जी–तोड़ मेहनत कर उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीट भले ही भाजपा की झोली में डालने में कामयाब रहे हो, लेकिन संपन्न आम चुनाव में 5–0 की लीड के साथ हैट्रिक मारने के बावजूद पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में भाजपा की चिंताएं बढ़ गई है , क्योंकि राज्य की पांचो लोकसभा सीटों में प्राप्त भारतीय जनता पार्टी को मिलने वाले वोटो की संख्या में पिछले आम चुनाव की तुलना में अच्छी खासी कमी आई है ।भारतीय जनता पार्टी के वोट प्रतिशत में कमी और कांग्रेस के वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी को राजनीतिक पंडित भाजपा सरकार के विरुद्ध हल्की सत्ता विरोधी लहर का संकेत मान रहे हैं। मगर यह हल्की सत्ता विरोधी लहर तथा मिलने वाले वोट प्रतिशत में मामूली कमी ही आगे चलकर भाजपा को उत्तराखंड में भारी पड़ सकती है। वह इसलिए, क्योंकि कुछ माह बाद ही राज्य में स्थानीय निकाय के चुनाव प्रस्तावित है। नगर निकाय चुनाव चूंकि स्थानीय मुद्दों पर आधारित होते हैं और उनका राष्ट्रीय मुद्दों से कोई खास सरोकार नहीं होता, इसलिए मतदाताओं को तर्कों और राष्ट्रीय भावनाओं से बहलाया नहीं जा सकता। स्थानीय चुनाव में मतदाता अपनी प्राथमिकता अपने आसपास के जनप्रतिनिधि के परफॉर्मेंस को देखकर तथा काफी हद तक राज्य की सरकार के कार्य करने की शैली के आधार पर निर्धारित करता है ।ऐसे में हल्की सत्ता विरोधी लहर और वोट प्रतिशत में मामूली कमी ही कई बार राजनीतिक दलों के समीकरण बना– बिगाड़ देती है। इस लिहाज से उत्तराखंड के संदर्भ में यह स्थिति भाजपा की चिंता बढ़ाने वाली है, क्योंकि निकाय चुनाव में अभी तकरीबन तीन माह से ऊपर का समय लग सकता है और इस दौरान यह सत्ता विरोधी लहर और भी गहरी हो सकती है। जाहिर है कि यदि ऐसा होने पाया तो उत्तराखंड में भाजपा के लिए एक नई सरर्ददी पैदा हो सकती है ।इसलिए भाजपा का प्रदेश नेतृत्व इस स्थिति को लेकर अभी से सजग हो गया है और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा को प्राप्त होने वाले वोटो के प्रतिशत में कमी की वजहों का पता लगाने तथा संपन्न आम चुनाव में बूथ स्तर से लेकर मंत्री तक के चुनावी कार्यों की समीक्षा के उपरांत आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। लिहाजा निकट भविष्य में यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा के प्रदेश नेतृत्व की ओर से भाजपा के वोट प्रतिशत में आई तकरीबन 5 प्रतिशत की कमी की भरपाई करने के लिए कौन सी रणनीति तैयार की जाती है और संपन्न आम चुनाव में उल्लेखनीय प्रदर्शन न कर **(शेष पेज सात पर)**

नैनीताल ऊधमसिंहनगर लोकसभा सीट पर किच्छा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रवार प्रत्याशियों को मिले मतों का विवरण

Serial No. Of Polling Station		No of Valid Votes Cast in favour of										Total of Valid Votes	No. Of Rejected Votes	Votes for NOTA	Total	No. Of Tendered Votes
		AKHTAR ALI	AJAY BHATT	PRAKASH JOSHI	AKHALESH KUMAR	AMAR SINGH SAINI	JEEVAN CHANDRA UPRETI	SHIB SINGH	SURENDRA SINGH	RAMESH KUMAR MAX	HITESH PATHAK					
1	1	7	377	358	2	0	1	0	0	0	2	747	0	3	750	0
2	2	5	196	204	0	1	1	0	0	9	2	418	0	1	419	0
3	3	7	299	189	2	0	0	1	0	0	1	499	0	5	504	0
4	4	17	186	297	3	1	0	0	0	1	2	507	0	0	507	0
5	5	0	503	119	1	0	0	1	0	0	1	625	0	6	631	0
6	6	7	406	125	0	1	3	0	1	1	0	544	0	2	546	0
7	7	1	428	240	4	0	2	1	0	2	2	680	0	3	683	0
8	8	5	346	206	0	5	1	0	1	7	3	574	0	4	578	0
9	9	12	482	144	2	4	2	1	0	0	0	647	0	2	649	0
10	10	7	293	159	2	2	1	0	0	1	0	465	0	1	466	0
11	11	53	340	269	0	5	3	0	0	3	3	676	0	5	681	0
12	12	2	222	421	4	0	2	0	2	1	0	654	0	4	658	0
13	13	1	68	497	7	1	0	2	0	1	1	578	0	7	585	0
14	14	3	380	199	2	0	2	0	1	1	2	590	0	5	595	0
15	15	9	441	510	5	4	0	2	0	1	0	972	0	1	973	0
16	16	17	600	138	0	1	0	1	1	1	1	760	0	4	764	0
17	17	4	341	155	1	2	0	1	1	0	3	508	0	1	509	0
18	18	8	330	161	1	0	1	0	0	0	0	501	0	2	503	0
19	19	1	418	247	3	2	0	0	0	0	2	673	0	3	676	0
20	20	3	85	470	1	0	0	2	1	1	0	563	0	1	564	0
21	21	1	538	114	1	2	2	0	0	0	2	660	0	6	666	0
22	22	9	344	121	0	0	1	1	0	0	1	477	0	3	480	0
23	23	20	438	173	3	3	4	1	1	1	0	644	0	4	648	0
24	24	14	444	119	0	1	0	1	1	1	3	584	0	4	588	0
25	25	8	511	93	1	7	0	1	0	0	0	621	0	3	624	0
26	26	3	448	131	1	1	0	0	1	0	0	585	0	1	586	0
27	27	27	215	230	0	0	0	0	2	0	1	475	0	3	478	0
28	28	30	168	258	2	0	1	1	0	1	0	461	0	10	471	0
29	29	22	239	332	4	3	1	0	0	0	0	601	0	3	604	0
30	30	8	204	199	3	0	0	0	0	0	2	416	0	4	420	0
31	31	18	153	432	4	13	0	2	0	2	1	625	0	7	632	0
32	32	8	208	152	0	0	0	0	0	0	2	370	0	5	375	0
33	33	11	144	240	4	0	4	4	2	2	3	414	0	3	417	0
34	34	52	318	304	2	4	1	0	1	1	1	684	0	4	688	0
35	35	5	459	144	1	2	0	1	1	1	2	616	0	1	617	0
36	36	1	354	109	1	2	1	0	1	0	2	471	0	2	473	0
37	37	6	564	130	0	0	1	3	1	2	1	708	0	4	712	0
38	38	4	641	120	2	2	5	0	0	1	0	775	0	7	782	0
39	39	6	339	145	1	3	1	1	0	0	3	499	0	4	503	0
40	40	9	452	127	2	1	0	1	1	0	2	595	0	7	602	0
41	41	9	479	246	5	0	1	1	0	1	2	744	0	3	747	0
42	42	31	312	241	1	6	1	0	0	0	1	593	0	8	601	0
43	43	8	429	314	2	2	0	1	0	3	2	761	0	2	763	0
44	44	43	388	305	0	1	1	2	2	0	1	743	0	4	747	0
45	45	3	495	137	0	1	1	1	0	1	2	641	0	0	641	0
46	46	2	376	95	0	1	0	0	0	0	2	476	0	4	480	0
47	47	1	460	105	1	0	0	1	3	1	2	574	0	3	577	0
48	48	0	378	110	1	1	0	4	0	1	0	495	0	0	495	0
49	49	1	626	118	2	0	0	5	1	0	0	753	0	4	757	0
50	50	3	519	150	2	2	0	1	2	1	5	685	0	5	690	0
51	51	3	473	192	3	1	2	2	1	1	2	680	0	7	687	0
52	52	1	352	128	4	0	0	1	1	1	1	489	0	6	495	0
53	53	8	696	133	6	3	1	1	3	3	6	860	0	2	862	0
54	54	7	599	134	2	1	0	2	2	1	2	750	0	7	757	0
55	55	8	387	110	1	4	1	0	1	0	4	516	0	3	519	0
56	56	5	350	73	0	0	0	0	0	0	0	428	0	0	428	0
57	57	7	304	498	4	2	2	0	2	8	3	830	0	2	832	0
58	58	15	292	279	5	1	1	1	1	0	3	598	0	1	599	0
59	59	4	168	331	2	0	0	0	0	0	0	505	0	2	507	0
60	60	3	319	311	1	1	1	2	0	2	0	640	0	5	645	0
61	61	2	80	589	4	1	1	0	1	1	1	680	0	3	683	0
62	62	22	356	89	2	4	2	0	1	2	7	485	0	0	485	0
63	63	4	370	75	0	0	1	0	0	1	1	452	0	3	455	0
64	64	6	404	136	1	1	0	0	0	0	1	549	0	3	552	0
65	65	3	314	61	1	0	1	0	0	0	0	380	0	1	381	0
66	66	2	666	105	1	0	1	0	0	0	3	778	0	11	789	0
67	67	3	450	129	2	0	0	0	0	0	0	584	0	5	589	0
68	68	9	260	287	1	0	1	1	1	0	1	561	0	2	563	0
69	69	8	164	580	9	2	4	2	2	0	2	773	0	6	779	0
70	70	2	728	119	1	1	2	1	1	1	2	858	0	5	863	0
71	71	3	43	581	7	0	1	0	0	0	0	635	0	1	636	0
72	72	5	201	480	5	1	0	0	0	0	1	693	0	2	695	0
73	73	2	78	529	6	0	2	0	0	3	1	621	0	0	621	0
74	74	6	655	54	2	2	0	1	0	0	1	721	0	0	721	0
75	75	0	131	278	1	0	0	1	0	0	1	412	0	0	412	0
76	76	3	75	492	4	0	0	1	1	6	1	583	0	3	586	0
77	77	7	105	598	2	0	2	0	0	2	0	716	0	4	720	0
78	78	2	41	712	5	2	2	1	0	1	0	766	0	1	767	0
79	79	3	234	369	1	0	0	1	0	0	0	608	0	3	611	0
80	80	2	431	101	2	0	0	0	0	0	0	536	0	4	540	0
81	81	5	472	65	1	0	0	0	0	0	0	543	0	4	547	0
82	82	3	459	83	0	0	0	0	0	0	0	545	0	3	548	0
83	83	1	488	106	0	0	0	0	0	0	0	595	0	4	599	0
84	84	1	535	126	0	2	0	0	0	0	2	666	0	5	671	0
85	85	2	295	358	0	1	1	0	1	0	0	658	0	2	660	0
86	86	1	438	328	3	0	1	1	0	1	1	774	0	3	777	0
87	87	2	47	548	1	0	0	0	1	0	0	599	0	4	603	0
88	88	3	90	748	7	1	3	0	2	2	0	856	0	5	861	0
89	89	4	531	225	4	3	1	0	1	0	1	770	0	7	777	0
90	90	1	435	52	0	0	0	0	0	1	0	489	0	6	495	0
91	91	1	402	54	0	0	0	0	0	0	0	457	0	4	461	0
92	92	5	542	35	1	1	0	0	0	0	0	584	0	5	589	0
93	93	7	439	35	1	0	0	0	0	0	0	482	0	0	482	0
94	94	6	314	110	2	1	2	4	1	1	1	442	0	3	445	0
95	95	7	376	83	2	0	1	0	0	2	1	472	0	3	475	0
96	96	8	446	76	0	0	0	0	0	2	1	533	0	4	537	0
97	97	6	420	84	3	0	0	0	0	0	1	514	0	0	514	0
98	98	4	249	57	1	0	1	0	0	0	0	312	0	3	315	0
99	99	5	484	57	0	0	2	1	0	3	4	556	0	7	563	0
100	100	3	91	340	0	2	1	0	0	4	3	444	0	3	447	0
101	101	12	731	44	1	1	1	1	1	0	1	793	0	0	793	0
102	102	10	670	85	2	0	1	0	0	3	2	773	0	2	775	0
103	103	6	462	201	4	0	0	0	1	0	0	674	0	2	676	0
104	104	2	61	530	10	0	4	1	1	2	1	612	0	4	616	0
105	105	52	483	257	3	1	1	2	0	1	1	801	0	2	803	0
106	106	4	109	505	4	0	0	0	0	2	1	625	0	0	625	0
107	107	2	149	534	5	0	0	0	0	0	0	690	0	2	692	0
108	108	2	45	526	1	0	1	0	0	0	0	575	0	1	576	0
109	109	4	158	501	2	0	0	0	2	4	4	675	0	5	680	0
110	110	2	259	178	3	1	1	0	0	0	1	445	0	2	447	0
111	111	0	21	358	3	0	0	0	0	2	0	384	0	1	385	0
112	112	2	42	588	5	3	1	0	1	1	3	646	0	3	649	0
113	113	0	322	150	0	0	0	0	1	0	0	473	0	1	474	0
114	114	0	156	217	3	1	1	1	0	2	2	383	0	3	386	0
115	115	24	380	95	4	3	2	1	0	1	2	512	0	5	517	0
116	116	33	396	53	1	3	1	0	0	0	2	489	0	2	491	0
117	117	69	613	157	1	3	2	1	0	1	0	847	0	6	853	0
118	118	2	45	455	4	0	0	0	0	1	0	507	0	4	511	0
119	119	3	11	538	3	0	0	0	0	1	2	558	0	2	560	0
120	120	2	14	446	3	0	1	0	1	2	0	469	0	2	471	0
121	121	3	24	463	2	1	3	1	1	1	0	499	0	2	501	0
122	122	5	339	338	6	2	1	1	1	0	3	696	0	3	699	0
123	123	8	44	676	2	3	7	0	0	1	0	741	0	1	742	0
124	124	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
125	125	2	46	559	6	0	1	0	0	0	2	616	0	1	617	0
126	126	1	35	359	1	1	0	1	0	0	0	398	0	3	401	0
127	127	4	25	315	2	0	1	1	0	0	0	348	0	1	349	0
128	128	2	43	527	4	1	1	1	2	0	0	581	0	1	582	0
129	129	1	33	588	4	1	1	0	1	0	2	631	0	0	631	0
130	130	1	19	342	3	0	0	1	0	0	0	366	0	0	366	0
131	131	2	55	692	8	3	2	1	2	2	3	770	0	3	773	0
132	132	1	78	368	2	0	0	0	0	0	1	450	0	0	450	0
133	133	3	91	294	4	0	1	1	2	0	1	397	0	8	405	0
134	134	5	475	352	5	1	3	2	0	2	2	847	0	4	851	0
135	135	28	239	191	3	0	1	1	1	2	1	467	0	8	475	0
136	136	16	316	75	1	1	0	0	1	1	0	411	0	4	415	0
137	137	11	638	267	5	3	2	4	4	1	2	937	0	6	943	0
138	138	4	470	245	4	3	1	0	0	2	0	729	0	1	730	0
139	139	2	178	181	1	2	0	0	0	3	2	369	0	1	370	0
140	140	30	355	242	2	5	1	0	0	1	3	639	0	3	642	0
141	141	3	231	258	3	0	5	0	0	9	1	510	0	2	512	0
142	142	12	274	348	4	1	5	1	0	5	1	651	0	1	652	0
143	143	17	412	249	9	1	1	0	1	4	4	698	0	0	698	0
144	144	49	324	280	11	3	1	0	2	1	1	672	0	0	672	0
145	145	5	532	268	4	1	0	0	1	1	2	814	0	9	823	0
146	146	9	259	286	3	0	0	1	1	1	2	562	0	0	562	0
147	147	7	335	117	0	3	2	0	1	1	1	467	0	7	474	0
148	148	3	331	57	0	1	0	0	5	3	0	400	0	0	400	0
149	149	4	93	151	2	1	0	0	1	2	1	255	0	4	259	0
150	150	4	116	225	0	0	2	0	1	2	2	352	0	4	356	0
151	151	0	132	96	0	0	0	0	0	0	0	228	0	1	229	0
152	152	2	152	91	1	4	0	0	0	0	0	250	0	0	250	0
153	153	10	214	200	4	1	2	2	1	0	6	440	0	6	446	0
154	154	4	109	110	0	0	1	0	0	1	0	225	0	5	230	0
155	155	6	200	145	1	2	0	1	2	0	0	357	0	6	363	0
156	156	13	191	400	3	1	2	0	1	0	0	611	0	1	612	0
157	157	4	99	274	5	1	0	0	0	9	2	394	0	5	399	0
158	158	7	130	209	1	1	1	0	0	0	0	349	0	2	351	0
159	159	12	136	236	2	1	0	0	3	0	1	391	0	4	395	0
160	160	1	218	188	2	2	3	7	1	2	1	425	0	4	429	0
Total EVM Votes		1294	48781	40405	379	192	154	103	96	179	196	91779	0	505	92284	0

Serial No. Of Polling Station	No of Valid Votes Cast in favour of										Total of Valid Votes	No. Of Rejected Votes	Votes for NOTA	Total	No. Of Tendered Votes
	AKHTAR ALI	AJAY BHATT	PRAKASH JOSHI	AKHALESH KUMAR	AMAR SINGH SAINI	JEEVAN CHANDRA UPRETI	SHIB SINGH	SURENDRA SINGH	RAMESH KUMAR MAX	HITESH PATHAK					
Total Votes Polled	1294	48781	40405	379	192	154	103	96	179	196	91779	0	505	92284	0

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

आग लगने से नामकरण की खुशियां मातम में बदलीं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआं कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोटाहल्दू के पाइलीपुर गांव में रहने वाला एक गरीब परिवार अपने घर में पुत्र के नामकरण की खुशियां मना रहा था तभी अचानक घर में आग लग जाने से सारा सामान जलकर राख हो गया और उनके परिवार के ऊपर दुख का पहाड़ टूट गया। नामकरण की खुशियां पल भर में मातम में बदल गई।बताया जाता है कि ग्राम पाईलीपुर निवासी कैलाश मौर्य के परिवार में नामकरण की खुशियाँ मनाई जा रही थी। परिवार के लोग पकवान बना रहे थे। तभी अज्ञात कारणों के चलते उनकी झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पूरी झोपड़ी आग की लपटों में धू धू का जलने लगी। यह देख परिजनों में चीख पुकार शुरू हो गई। आग से झोपड़ी के अंदर रखा हुआ धान,गेहूं, कपड़े, मोबाइल, गहने व नगद धनराशि जल कर राख हो गए। गरीब परिवार के जीवन भर की जोड़ी हुई वस्तुएं सब नष्ट हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। अब परिवार पर रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। पीड़ित कैलाश मौर्य ने बताया कि उनके पड़ोसियों द्वारा दमकल विभाग को सूचना दी गई थी मौके पर दमकल की एक गाड़ी भी पहुंची और आग को काबू किया। जिसके बाद क्षेत्र के पटवारी मौके पर पहुंचे और उनकी ओर से मदद का भरोसा दिलाया गया लेकिन कुछ मदद नहीं हो पाई जिससे अब वह उन्हें जीवन यापन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने क्षेत्र के सामाजिक व्यक्तियों से अनुरोध किया है कि उनकी मदद करें जिससे उनका परिवार रोजी-रोटी के लिए मजबूर ना हो।

गांधी पार्क में मजदूर पंचायत कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डॉल्फिन मजदूर संगठन व विभिन्न सामाजिक और मजदूर संगठनों द्वारा कल प्रातः 9 बजे गांधी पार्क में मजदूर पंचायत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सिडकुल में नए न्यूनतम वेतनमान को लागू करने, उद्योगों में श्रमिकों का उत्पीड़न रोकने, बंधुआ मजदूरी रोकने, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के दबाव में काम करने,उद्योगों में न्यायालयों के आदेशों की अव्हेलना आदि विषयों पर चर्चा की जायेगी। आयोजकों ने सभी पीड़ित मजदूरों, शोषितजनों व न्यायप्रिय लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

घर लौट रहे युवक पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं काम से घर वापस लौट रहे युवक को मार्ग में कुछ युवकों ने घेर कर पर हमला कर घायल कर दिया और उसका फोन तोड़ धमकी देते हुए भाग गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में तस्लीम पुत्र सलीम ने कहा है 6 जून को सायं वह काम करने के बाद घर जा रहा था। उसे अकेले देख कर गाँव के लडके अमित पुत्र नकुल , गौरव पुत्र मोहन , अलोक पुत्र लखन दास व घुन पुत्र प्यारे उसे मारने लगे। जिससे उसके चहरे तथा सिर में गभीर चोटे आई तथा उसका फोन भी तोड दिया। सलीम का आरोप है कि उक्त हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

लापता बुजुर्ग का शव जंगल में पड़ा मिला

लालकुआं(उद संवाददाता)। दो दिनों से लापता बिंदुखत्ता निवासी बुजुर्ग का संदिग्ध परिस्थितियों में लालकुआँ नगर के डॉर्बी फील्ड के समीप शव बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस और टांडा रेंज के वनकर्मी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गये। वहीं भारी संख्या में स्थानीय लोग भी शव के आसपास एकत्रित थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की प्रातः 9:30 बजे नगर से लगे टांडा रेंज में स्थित डॉर्बी फील्ड के समीप प्रातः मॉर्निंग वॉक करने वाले युवकों ने एक शव पड़ा देखा, जिसकी सूचना वन विभाग और उसके बाद कोतवाली पुलिस को दी गई, सूचना पर पहुंचे



वरिष्ठ उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह नेगी ने शव की जांच शुरू कर दी है। वही वरिष्ठ उप निरीक्षक नेगी ने बताया कि मृतक व्यक्ति बहादुर सिंह दसौनी उम्र 60 वर्ष संजय नगर प्रथम बिंदुखत्ता के निवासी हैं, जो कि गत 6 जून की दोपहर से घर से लापता थे। उनकी गुमशुदगी गत दिवस लालकुआं कोतवाली में दर्ज की गई है, संदिग्ध परिस्थितियों में टांडा के जंगल में शव पड़े होने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। भारी संख्या में लोग मृतक को देखने के लिए मौके पर पहुंच गए । वहीं मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच चुके थे। उन्होंने बताया कि मृतक बहादुर सिंह दसौनी के दो पुत्र एवं तीन पुत्रियां हैं, सभी का विवाह हो चुका है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

श्री बाला जी दरबार एवं भण्डारा
बाबा विश्वनाथ माँ जगदीशीली डोली की 25वी रथ यात्रा के स्वागत के उपलक्ष्य में श्री बाला जी का दरबार एवं भण्डारा
दिनांक 9 जून 2024, दिन रविवार रात्रि 8.00 बजे से
स्थान-गणेश गार्डन,होटल कोरियन्थन,तीन पानी डाम रोड,रूद्रपुर
निवेदक-श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबिल ट्रस्ट,रूद्रपुर

बाहरी तत्व डाल्फिन कम्पनी में मचा रहे अराजकता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डाल्फिन ग्रुप की सभी कम्पनियाँ सभी श्रमिक कानूनों का पालन करती हैं और किसी भी तरह किसी भी कानून का कंपनी द्वारा उल्लंघन नहीं किया जाता हैं। कम्पनी के एचआर विभाग के अंकुर अरोरा ने जारी एक बयान में बताया कि कंपनी के कुछ पूर्व कर्मचारियों व कुछ बाहरी तत्वों द्वारा अपने निजी स्वार्थो की पूर्ति के लिए कंपनी के श्रमिकों को बहला फुसलाकर कंपनी गैर कानूनी गतिविधियाँ की जा रही हैं। विशेष विचार धारा वाले इन बाहरी व्यक्तियों का उदेश्य ही कंपनियों को बंद करना है। उद्योग में अशांति फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन बाहरी तत्वों द्वारा ही पिछले कई महीनों से कंपनी में अराजकता फैलाई जा रही हैं। इन्होंने श्रमिकों को गुमराह कर कंपनी में गैर कानूनी हड़ताल करा दी और यह आपराधिक कृत्य करने में भी लिप्त हैं। अंकुर का आरोप कि इनके द्वारा 5 जून को अमरेंदर प्रताप सिंह कर्मचारी के साथ भी आपराधिक घटना को अंजाम दिया गया। यह बाहरी तत्व कानून को भी अपने हाथों में ले रहे । जिससे कंपनी में अराजकता व कर्मचारियों के बीच भय का माहौल बना हुआ हैं।

चारधाम यात्रा पर तैनात हेड कांस्टेबल की मौत

रुड़की। चारधाम यात्रा पर ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल की अचानक तबीयत खराब हो गई। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल के लिए भर्ती किया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक अर्जुन सिंह 2006 में उत्तराखंड पुलिस में भर्ती हुई थे। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन एक दु:खद घटना सामने आई है जिसमें उत्तराखंड के एक पुलिस जवान की मृत्यु हो गई। रुड़की मंगलौर कोतवाली क्षेत्र की नारसन चौकी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल अर्जुन सिंह को अचानक दिल का दौरा पड़ गया। जिसके बाद उन्हें तुरंत इलाज के लिए मंगलौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रुड़की के सिविल अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उनके सभी प्रयासों के बावजूद, उन्हें बचाया नहीं जा सका और अंततः उनकी मृत्यु हो गई। अर्जुन सिंह की अचानक हुई मृत्यु के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनकी मौत की खबर मिलते ही अर्जुन के परिजन भी रुड़की सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस के अनुसार अर्जुन सिंह 2006 में भर्ती हुए थे और रामनगर में बैलपड़ाव की आईआरपी फर्स्ट बटालियन में तैनात थे और बटालियन में काफी लोकप्रिय थे। चारधाम यात्रा के चलते उनकी ड्यूटी मंगलौर थाना क्षेत्र की नारसन चौकी में लगी थी, अर्जुन सिंह मूलरूप से अल्मोड़ा के निवासी थे।

छात्रों ने चलाया गाजर घास उन्मूलन अभियान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनता इण्टर कॉलेज रूद्रपुर में पर्यावरण सप्ताह मानाया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है इसी क्रम में आज गाजर घास उन्मूलन का कार्यक्रम विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा चलाया गया।इस अवसर पर विद्यालय में चलाए जा रहे पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ0 सतीश कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण बचाना हमारा नैतिक कर्तव्य है इस कार्य को पूरे मनोयोग के साथ करने से ही धरती माता की रक्षा संभव हो सकती है और पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सकता है सप्ताह भर चलने वाले इन कार्यक्रमों में आज गाजर घास

उन्मूलन कार्यक्रम चलाया गया और समाज को पर्यावरण को सुरक्षित रखने और स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक करने का काम विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया है । समाज को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिये। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, अमित कपूर, उत्तम कुमार अधिकारी, रंजीत राज, संजीत चक्रवर्ती, देवरथ वर्मा, अनिल कन्नौजिया, गोविन्द, तजेन्द्र सिंह, अमित, देवेन्द्र पटेल, निधि, वर्षा, माया राज, रेनू, गीता उराव, ज्योति सिंह, कल्पना, हर्षित, सबीना, ममता आदि उपस्थित रहे।

जनता ने भाजपा को सबक सिखाया : सुभाष

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने मोदी सरकार को सिरे से नकार दिया है। जनता ने महंगाई बेरोजगारी और तुष्टीकरण के खिलाफ मतदान कर देश में लोकतंत्र को मजबूत किया है। अब देश में भाजपा की मनमानी नही चलेगी। यह बात आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि देश मे खुलेआम तानाशाही चल रही थी। सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार मनमाने फैसले लेकर लोकतंत्र का गला घोंटने और आम जनमानस के मंसूबे पर कुठाराघात करने का काम कर रही थी। मगर जनता ने बहुमत से दूर रखकर भाजपा को सबक सिखा दिया। देश में अब लोकतंत्र पहले से मजबूत हो गया है। उन्होंने कहा भाजपा के पास इस बार पूर्ण बहुमत नही है। आंकड़ों से एनडीए की सरकार बन सकती है। लेकिन अभी जोड़तोड़ बाकी है। बेसाखियों के सहारे केन्द्र में बनने वाली एनडीए की सरकार ज्यादा दिन तक नही चल पायेगी।

ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज मे मनाया गया पर्यावरण दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड मे पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर के निर्देशन में समस्त रेंज कर्मिकों व ब्रिटानिया कंपनी के कर्मिकों के साथ संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान चलाया और पौध रोपण किया गया। वन क्षेत्राधिकारी द्वारा सभी से अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध बनाने में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान भूपाल सिंह कैड़ा, वन क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर, प्रमोद चंद्र

त्रिपाठी, उप वन क्षेत्राधिकारी, मदन मोहन आर्य उप वन क्षेत्राधिकारी, राजू दास, वन दरोगा, आशुतोष आर्य, वन दरोगा, श्रीमती पूजा कोरंगा एवं अनंगपाल चौधरी, भूपेंद्र शाह तथा ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के मोहित सक्सेना, ब्रिटानिया कंपनी के प्लांट हेड मनीष कुमार, एचआर हेड श्रीमती मुक्ता टंडन एवम अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाय नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

भाजपाईयों ने सूत समेत लिया धामी की हार का बदला

मौजूदा कांग्रेस विधायक भुवन कापड़ी के असर वाले क्षेत्रों में भी हुआ एकतरफा मतदान

-नरेश जोशी-

खटीमा। प्रदेश में भाजपा ने एक बार फिर लोकसभा चुनाव में भी पांचों सीटों पर जीत का डंका बजा दिया है। वहीं दूसरी तरफ 2022 विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को हराने वाली सीट खटीमा में भाजपायों ने कांग्रेस प्रत्याशी को करारी शिकस्त देते हुए सीएम की हार का बदला सूत समेत ले लिया है। यही नहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास वाले बूथ नगला तराई में एक तरफा मतदान से भाजपाई काफी गदगद है। यह बता दे की बीते दिनों नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट पर जीते भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कांग्रेस के प्रकाश जोशी को 3 लाख से अधिक मतों के लंबे अंतर से चुनाव हराया है नौ विधानसभा क्षेत्र वाले उधम सिंह नगर जनपद में पांच विधायक कांग्रेस के जबकि चार विधायक भारतीय जनता पार्टी के हैं।वबावजूद इसके सिर्फ जसपुर विधानसभा में ही कांग्रेस चुनाव जीत पाई,बाकी सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने चुनाव जीता। बात की जाए खटीमा विधानसभा सीट की तो यहां बीते 2022 के चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को कांग्रेस के मौजूदा विधायक भुवन कापड़ी ने लगभग

7000 वोटो से चुनाव हराया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की हार को कांग्रेस अपनी एक बड़ी जीत मान रही थी। यही बड़ा कारण था की पहली बार विधायक बने भुवन कापड़ी को कांग्रेस ने विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष बना दिया। यह और बात है कि भाजपा आला कमान ने पुष्कर सिंह धामी पर पुनः भरोसा जताया और उन्हें एक बार फिर उत्तराखंड की कमान दे दी, किंतु खटीमा में भाजपाई मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की हार से बेहद मायूस देखे जा रहे थे। खटीमा भाजपा से जुड़े सूत्रों का दावा है कि खटीमा के भाजपाई लोकसभा चुनाव का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे ताकि सीएम पुष्कर सिंह धामी की हार का बदला लिया जाए। लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद भाजपाई दावा कर रहे थे कि खटीमा विधानसभा में भाजपा के पक्ष में अच्छा मतदान हुआ है पर मौजूदा विधायक भुवन कापड़ी के असर वाले क्षेत्रों में भी कांग्रेस की यह दुर्गति रहेगी इसका अंदाजा किसी को न था। मतदान के आंकड़ों की बात करें तो स्वयं उप नेता प्रतिपक्ष व खटीमा के विधायक कापड़ी अपना बूथ तक कांग्रेस को नहीं जिता पाए। खटीमा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने कांग्रेस को 24000 से अधिक मतों के अंतर से चुनाव हरा दिया, जिसको लेकर भाजपा के खेमे में बेहद खुशी देखी जा रही है। भाजपेई यह कहते देखे जा रहे हैं कि हमने सीएम धामी की हार का बदला सूत समेत वापस कर दिया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनायें

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर लोकसभा चुनाव में नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की प्रचंड जीत के बाद सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर शुभकामनाएं प्रेषित कर जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह जीत केवल अजय भट्ट की जीत नहीं है बल्कि प्रत्येक कार्यकर्ता एवं प्रत्येक मतदाता की जीत है जो इस चुनावी रण में भारतीय जनता पार्टी के और राष्ट्रीय हित की भावना के साथ था और भाजपा तीसरी बार केंद्र में भी सरकार बनाने जा रही है। जिसका मतलब पुनः विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री के पद की शपथ लेंगे। उत्तराखंड मे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के कुशल नेतृत्व के कारण हमने पांचो सीटों पर विजय प्राप्त की है।जिससे उनकी लोकप्रियता का अनुमान लगाया जा सकता है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,महेंद्र कलरा अनाड़ी रंजन मंडल,कपिल कुमार, नरेश हुड़िआ, मिनी गुंबर,मनोज कुमार ,मिंटू परमजीत सिंह पम्मा, सतीश, अनिल जेटली ,सतीश छाबड़ा, अभिषेक वर्मा, कुणाल रस्तोगी ,सोनू विश्वास ,बकुल अरोरा ,रॉबिन फुटेला, गुरसेवक ,संदीप कंबोज ,टिंकू , मनोज शर्मा ,सुनील शर्मा ,आकाश कोचर ,किशन गुप्ता सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए डॉ. पांडेय

गदरपुर (उद संवाददाता)। त्रिभुवन विश्वविद्यालय ,काठमांडू (नेपाल) व श्री हरिशंकर पी.जी कॉलेज रामपुर ,जहानागंज, आजमगढ़ (संबद्ध- महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्व विद्यालय,आजमगढ़ ,उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वावधान में 6-7 जून को आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में ज्ञान परंपरा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंदिरा राणा (डिप्टी स्पीकर- लोकसभा,नेपाल), विशिष्ट अतिथि डॉरेखा यादव (सदस्य -लोकसभा, नेपाल), प्रोपीके बाजपेई (मा कुलपति- जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय छपरा,बिहार), प्रो०आर०पी० पाठक (लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली)व प्रो संजीता वर्मा(विभागाध्यक्ष-हिंदी विभाग त्रिभुवन विश्वविद्यालय,काठमांडू) ने संयुक्त रूप से डॉ०संदीप कुमार पांडेय को शिक्षा, साहित्य व लेखन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, रुद्राक्ष की माला एवं अंगवस्त्र देकर ष्उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

ष्से सम्मानित किया। इस दो दिवसीय संगोष्ठी में डॉपांडेय ने अपने ज्ञानवर्धक शोधपत्र भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षा व्यवस्था का वाचन किया।बता दें कि डॉ०पांडेय की अभी तक 6 पुस्तकें व 50 से अधिक शोधपत्र अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं साथ ही आपने 100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय संगोष्ठियों में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट शोधपत्रों का वाचन कर चुके हैं। आपको उत्तराखंड राज्य स्तरीय कला प्रतिभा सम्मान- 2022 भी मिल चुका है। वर्तमान में आप एस.आई.आई. कालेज रोशनपुर में व्याख्याता पद पर कार्यरत हैं। प्रो० प्रवीण मिश्रा, प्रो०बी. एम. त्रिपाठी, प्रो०किरण पोपकर व प्रो०सुनील कुमार ने दी बधाई।

समर कैंप में खिलाड़ियों ने दिया ब्लैक बेल्ट टेस्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भीमताल विनायक में आयोजित क्योकुशीन कराटे फाउंडेशन ऑफ इंडिया का 5 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। क्यो कुसिन कराटे फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रूपेन्द्र नागर व कंट्री डायरेक्टर राष्ट्रीय अध्यक्ष सियान बसंत कुमार सिंह (फिफ्थ डानब्लैक बेल्ट) ने बताया कि संस्था का 30वा पांच दिवसीय राष्ट्रीय शिविर भीमताल विनायक में अयोजित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश, असम, झारखंड दिल्ली, उत्तराखंड आदि राज्यों से 85 खिलाड़ी इस कैंप में बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट के लिए उत्तराखंड के भीमताल पहुंचे। जिनमें चार दिन तक सड़क ट्रैकिंग, नोकुचिया ताल में जल अभ्यास करवाया गया। जिन खिलाडियों ने ब्लैक बेल्ट का टेस्ट दिया उनको 30 वरिष्ठ खिलाडियों से लगातार फाइट कराई गई । भीमताल निवासी अंकिता पांडे ने दूसरा डान ब्लैक बेल्ट का टेस्ट दिया। जिन्हे 20 सीनियर खिलाडियों के साथ लगातार फाइट कराई गई। 6 खिलाडियों को पहली डान ब्लैक बेल्ट, 5 खिलाडियों को दूसरी डान ब्लैक बेल्ट, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह तीसरी डान भीमताल कराटे प्रशिक्षक व फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव हरीश पांडे व मिलिंद सैन कौशल ने चौथी डान ब्लैक बेल्ट का टेस्ट दिया। खिलाडियों के बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट लेने के लिए कजाकिस्तान से तीसरी डन ब्लैक बेल्टओमरबेक अल्मागजनोव एव रसिया से शोल्डआटोव छठी दान ब्लैक बेल्ट एव इंटरनेशनल फाइटर एलेंडर स्मिरनोव. रसिया आदि अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक खिलाडियों ने बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट लिया। शिविर के समापन अवसर पर अतिथि के रूप में निर्वतमान पंचायत अध्यक्ष भीमताल देवेन्द्र चुनौतिया, पूर्व प्रधान हल्द्वानी एव समाजसेवी श्रीमती भागीरथी देवी, भीमताल व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ रौतेला, क्यो कुशन कराटे इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सियान बसंत कुमार सिंह, उत्तराखंड इकाई के प्रदेश अध्यक्ष रूपेन्द्र नागर, राष्ट्रीय सचिव हरीश पांडे, प्रदेश उपाध्य्यक्ष मुजाहिद इस्लाम, प्रदेश सचिव दीपक रावल, जिलाध्य्यक्ष नैनीताल भूपेन्द्र बिष्ट , अरुण प्रताप सिंह, ध्रुव डालमिया, मंगलम सिंह, हर्षित श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव ,दिव्या बिष्ट आदि ने खिलाडियों का मनोबल बढाया।

नरेंद्र मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण के उपलक्ष में बनाया 21 किलो का लड्डू

गदरपुर (उद संवाददाता)। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं एनडीए की सरकार के तीसरी बार शपथ ग्रहण होने के उपलक्ष में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक और मिष्ठान विक्रेता संघ के अध्यक्ष राकेश गुंबर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य बाजार में कार्यक्रम आयोजित कर 21 किलो वजन का लड्डू तैयार कर बांटा गया राकेश गुंबर ने बताया कि उनके द्वारा नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में 10 जून को शपथ ग्रहण करने के समारोह के उपलक्ष में 21 किलो वजन का लड्डू बनाकर शुभकामनाओं के साथ लोगों को बांटा गया । इस मौके पर सुरेश खुराना, मनोज गुंबर ,मोनू सिंधी, गौरव भुड्डी,अनिल मुरादिया, पंकज सेतिया आदि मौजूद रहे ।

ब्रह्माकुमारी सूरजमुखी का जन्मदिन मनाया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपकेंद्र रुद्रपुर की संचालिका बीके सूरजमुखी दीदी का जन्म दिन सभी ब्रह्मा कुमार और ब्रह्माकुमारियों ने बड़े हर्षोल्लास से इंदिरा कॉलोनी केंद्र पर मनाया। सभी ने उनके जन्म दिवस पर उनको बधाई दी ।इस अवसर पर सूरजमुखी दीदी ने हर दिन की तरह शिव बाबा की मुरली सुनाकर सबको शिव बाबा के ज्ञान में सराबोर कर दिया।सभी को भोग स्वीकार कराया। मुरली के बाद आगरा मेरठ से आई दर्शना दीदी,मधु दीदी,ममता दीदी ने उनके सिर पर मुकुट पहनाया, विशेष माला और जड़ित चुनरी से सजाया। सूरजमुखी दीदी ने केक काट कर सबकी बंधाई स्वीकार की।शुभ भावना से भरे गीतों पर ममता दीदी,बीके योगेश,बीके राजेश,बीके रीना बहिन, पायल, निर्मल, रिया,महिमा,आदि बहिनों ने झूमते हुए अपनी खुशियां साझा की।इस अवसर पर बीके अरविंद भाई का भी जन्मदिन मनाया गया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय रुद्रपुर की संचालिका बी के सूरजमुखी जी को जन्म की जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित करें, इस अवसर पर राजेश ग्रोवर,विमल मेहरा,अरविंद चौहान, हिमांशु, हरवंश, विजयपाल,मगन, आदि भाइयों ने सूरज मुखी दीदी को शुभ कामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर एकता बहिन,पायल ,निर्मल, तारा, महिमा , रिया , कमला, शिखा , रंजु , उमा,विमला, सिम्लेश, सीमा , अनिता,कंचन ,सुदेश , नीलिमा आदि बहनों ने दीदी को जन्मदिन की बंधाई दी।

घास काट रही महिला पर बाघ ने किया हमला

रामनगर(उद संवाददाता)। कॉर्बेट व रामनगर वनप्रभाग की सीमा पर रामनगर- गर्जिया नेशनल हाईवे309 मार्ग पर रिंगोडा से 200 मीटर रामनगर की तरफ एक टाइगर ने घास काट रही 40 वर्षीय महिला लीला देवी पर हमला कर दिया।जिसमें महिला के सीने पर ,कान पर गर्दन पर बाघ के नाखूनों के गंभीर निशान है। महिला का उपचार रामनगर के रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय में चल रहा है। बता दें कि कल शाम तीन महिलाएं लीला देवी उम्र 40 वर्ष अपनी बड़ी बहन तारा देवी व एक अन्य सरस्वती देवी के साथ रिंगोड़ा के पास घास काट रही थी,इसी बीच बाघ ने लीला देवी पर हमला कर दिया,बाघ लीला देवी को जंगल की ओर ले जाने लगा,इसी बीच बड़ी बहन तारा देवी ने होहल्ला करते हुए अपनी बहन को पकड़ लिया और बाघ से संघर्ष करते हुए अपनी बहन को बचा लिया।बता दें कि लीला देवी रामनगर के आमडंडा खत्ते की रहने

वाली है। वही जानकारी देते हुए रामनगर वन प्रभाग के रेंज अधिकारी शेखर तिवारी ने बताया कि यह घटना कल शाम की है जब तीन महिलाएं रिंगोडा के पास घास काट रही थी तो बाघ ने लीला देवी पर हमला कर दिया उन्होंने बताया कि यह घटना रामनगर वन प्रभाग के रिंगोड़ा ब्लॉक कक्ष संख्या दो, मार्ग के किनारे की है। उन्होंने बताया महिला का उपचार रामदत्त जोशी चिकित्सालय में करवाया जा रहा है और महिला अभी खतरे से बाहर है।

नाबालिग शिष्य के साथ कुकर्म के आरोपी पुजारी को 20 वर्ष का कारावास और 55 हजार जुर्माना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अपने नाबालिग शिष्य के साथ कुकर्म करने वाले मंदिर के मुख्य पुजारी को पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने शुक्रवार को20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी। विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि बाजपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में 10 मई 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि करीब तीन वर्ष पूर्व उसकी राह चलते ग्राम हैडाखान मल्ला पोस्ट देवली थाना मुक्तेश्वर निवासी बाबा गणेशानन्द जोशी उर्फ गणेश दत्त पुत्र श्री खीमानन्द जोशी से भेंट हो गई जिसने बताया कि वह इस समय कालाढूगीं में पाटकोट शिवमंदिर का मुख्य पुजारी है मैं तुम्हारे बेटे को सुधार दूँगा और उसका गुरूकुल वृन्दावन में दाखघ्लिा करा दूँगा ।बाबा 2022 के चौत्र के नवरात्रों में उसके घर पर आये ।बाबा ने 9 दिनों तक शमशान भूमि में भक्ति की और दसवें दिन हवन पूजन किया इस दौरान बेटा उनके साथ सेवा करता रहा ।व्यक्ति ने कहा कि वह बाबा के बहकावे में आ गया और अपने 11 वर्षीय नाबालिग बेटे को बाबा के साथ भेज दिया ।उसकी बाबा एवं बेटे के साथ फोन पर बात होती रहती थी ।उसने बताया कि इस दौरान बाबा उसके बेटे को परेशान करने लगा अत्यधिक परेशान होने पर बेटा मन्दिर से भागकर आया और गाँव वालो से अपने घर का रास्ता पूछा तो एक गॉव वाले ने फोन करके बताया तो 7 मई 2022 वह मन्दिर पहुँचा तो बेटा उसके गले लगकर बहुत रोया तो वह बेटे को घर ले आया ।बेटे ने रोते हुए बताया कि बाबा दिन भर काम कराता था और रात को उसके साथ जबरन कुकरम करता था मना करने पर धमकी देता था कि अगर किसी को बताया तो जान से मार डालूँगा ।पुलिस ने बालक का मेडिकल करवाया जिसमें उसके साथ कुकरम किए जाने की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस ने दुराचारी बाबा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।बाबा के विरूद्ध पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गोड की अदालत में मुकघ्दमा चला जिसमें विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता द्वारा सात गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिए गए जिसके बाद आज पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गोड् ने कुकरमी बाबा गणेशाननद जोशी उर्फ गणेश दत्त को 5/6 पॉकसो एक्ट के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने,धारा 377 आईपीसी के तहत 10 वर्ष के कठोर कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने,धारा 323,506 आईपीसी के तहत एक एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए कहा कि जुर्माने की धनराशि में से 40 हजार रुपये पीड़ित नाबालिग बालक को मिलेंगे ।न्यायाधीश महोदय ने सरकार से कहा है कि पीड़ित बालक को क्षतिपूर्ति के रूप में 3 लाख रुपये दिए जायें।

जेवर व नगदी से भरा बैग खोज मुसाफिर को सौंपा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए मुसाफिर का सोने चांदी के जेवर तथा लाखों रुपए नगदी से भरे गुम हुए बैग को तत्परता से खोजकर मुसाफिर को सौंप उसके चहरे पर मुस्कान वापस लौटा दी। जानकारी के अनुसार 7 जून को थाना काठगोदाम पर 112 पुलिस सहायता नंबर पर कॉल आई। जिसमें कॉलर द्वारा खुद का बैग भवाली से बोलेरो मैक्स गाड़ी में छूट जाना बताया गया। कालर का कहना था कि बैग में 1.80 लाख रुपए कैश, सोने की दो झुमके व एक सोने की अंगूठी रखी हुई थी। सूचना के प्राप्त होते ही थानाध्यक्ष विमल कुमार मिश्रा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम बनाकर काठगोदाम क्षेत्र में उक्त वाहन की तलाश की गयी। मुसाफिर को वाहन का नम्बर पता न होने के बाद भी काठगोदाम पुलिस द्वारा अथक प्रयास से बोलेरो वाहन को ढूढकर उक्त बैग को मुसाफिर को वापस लौटाया गया। मुसाफिर ने काठगोदाम पुलिस का आभार जताया। पुलिस टीम में अपर उनि अरविंद कुमार, हेकां, महेश बृजवाल शामिल थे।

अवैध कच्ची शराब सहित दो तस्करों को किया गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। पुलिस टीम द्वारा दौराने देखरेख शान्ति व्यवस्था , रोकथाम जुर्म जरायम तथा संदिग्ध व्यक्ति वस्तु वाहन व चौकिंग मादक पदार्थ करते हुए मुखविर की सूचना पर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम वार्ड नं0 05 तेजा फौजा में अरहान धुलाई सैन्ट्रर के सामने अभियुक्त केहर सिहं की परचून की दुकान से केहर सिंहघ पुत्र स्व0 हरनाम सिंह निवासी वार्ड नं0 05 तेजा फौजा थाना गदरपुर जिला ऊधम सिंह नगर को दो अलग – अलग ड्रमों में 100 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मुकदमा 183/2024 धारा 60 (1) आबकारी अधिनियम' का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जसबीर सिंह चौहान,उनि मुकेश मिश्रा,कानि इरशाद उल्ला,अमन दुग्ताल, जयप्रकाश, सूरज अधिकारी शामिल रहे। वहीं पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर मजरा मरदान चौराहा सकैनिया पास से अभियुक्त मलूक सिंह पुत्र चाननघ सिंह निवासी ग्राम कलकत्ता थाना गदरपुर को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जसवीरघ सिंह चौहान,उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार, का,इरशाद उल्ला, अमन दुग्ताल, जयप्रकाश,सूरज अधिकारी शामिल थे।

अक्षत ने नीट परीक्षा में बनाया कीर्तिमान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीयम विद्यालय के छात्र अक्षत पंगरिया ने नीट यूजी परीक्षा 2024 में 99.99 प्रतिशत अंक पाकर ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम रैंक हासिल कर नया कीर्तिमान बनाया है। अक्षत के पिता गोविंद बल्लभ पंगरिया किच्छा के सरकारी अस्पताल में चिकित्सक हैं जबकि माता सोनू पंगरिया ग्रहणी हैं। अक्षत की बहन आकांक्षा भी पीएचडी की तैयारी कर रही है। भारतीयम विद्यालय के प्रबंधक भरत गोयल, प्राचार्य रश्मि आनंद, उप प्राचार्य भूपेंद्र सिंह सहित तमाम शिक्षकों ने बधाई देते हुए अक्षत के उज्जवल भविष्य की कामना की। इधर अक्षत के आवास पर तमाम लोग बधाई देने पहुंच रहे हैं।

कोसी बैराज में आ धमका टस्कर हाथी, मची अफरातफरी

रामनगर(उद संवाददाता)। कॉर्बेट पार्क से सटे रामनगर वनप्रभाग के अंतर्गत आने वाले कोसी बैराज के समीप नदी में एक टस्कर हाथी जंगल से निकलकर आबादी की तरफ शायद पानी की तलाश में पहुंच गया जिसको देख लोगों में अफरा तफरी मच गई।बता दें कि हाथी कोसी बैराज के नीचे नदी में शायद नहाने या पानी की प्यास बुझाने के लिए आया था और पास में ही सैकड़ो की तादात में लोग कोसी बैराज के नीचे नदी में नहा रहे थे। हाथी को देख नहां रहे लोगों में भी अफरातफरी मच गई। इस दौरान कुछ शरारती तत्व बिल्कुल हाथी के पास वीडियो बनाने के लिए जाने लगे जिससे कोई बड़ी दुर्घटना होने हो सकती थी। जिसकी सूचना तुरंत ही आसपास से गुजर रहे लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने हाथी को आबादी की तरफ आने से रोकने के प्रयास किये, साथ ही नदी में नहा रहे लोगों को भी हाथी से दूर रहने की हिदायत दी। इसके बाद हाथी कोसी बैराज से नगर वन की तरफ आ गया,जिसके चलते सुरक्षा के मद्देनजर वनकर्मियों द्वारा रामनगर हल्द्वानी मार्ग को कुछ देर के लिए रुकवा दिया कि हाथी रोड क्रॉस कर आराम से जा सके और कोई हानि भी ना हो, लेकिन हाथी अभी भी कोसी बैराज के पास ही जंगल के अंदर रुका हुआ है,कुछ घंटे बीत जाने के बाद भी जब हाथी रोड क्रॉस कर जंगल की तरफ नहीं गया तो वनकर्मियों द्वारा एक बार फिर से यातायात शुरू कर दिया गया है और वनकर्मी मौके पर मौजूद है। जैसे ही हाथी रोड क्रॉस करेगा सुरक्षा के मद्देनजर उस वक्त फिर से यातायात रुकवा कर हाथी को रोड क्रॉस करने दिया जाएगा।

Guru Maa Advanced Dental Care
गुरु माँ एडवांस डेन्टल क्लीनिक
WORLD-CLASS DENTAL CARE NOW IN YOUR CITY
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डेन्टल इम्प्लांट
टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज
invisalign
डॉ. आँचल ढींगरा
बी.डी.एस, एम.डी.एस. एंडोडोन्टिस्ट
रूट कैनाल स्पेशलिस्ट, कॉस्मेटिक डेन्टीस्ट
सर्टिफाइड एस्थैटिक डैन्टिस्ट
Guru Maa Advanced Dental Care "A Multi Speciality Dental Clinic"
प्लॉट नं 1, सिविल लाइन्स, रुद्रपुर | 7452880018, 05944-245666

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

पीएम मोदी की नीतियां

तमाम कयासों पर पानी फेरते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसदों ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुन लिया। यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में दूसरी बार होगा, जब किसी नेता को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। निस्संदेह यह प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व का प्रभाव और उनके कामकाज के तरीके पर भरोसे का ही नतीजा है। इस बार बेशक भाजपा को अकेले दम पर पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाया, मगर राजग को बहुमत से कुछ अधिक सीटें मिली हैं, इसलिए गठबंधन की सरकार बनने में कोई अड़चन नहीं थी। यह गठबंधन चुनाव पूर्व का है, इसलिए इसके सभी घटक दल पहले से ऐसी स्थिति में समर्थन देने को प्रतिबद्ध थे। मगर चूंकि चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के साथ गठबंधन के पहले के अनुभवों को देखते हुए कयासों को बल मिला था कि वे सरकार बनाते समय अपनी कड़ी शर्तें रख सकते हैं और उनके पूरा न होने पर छिटक भी सकते हैं। मगर अच्छी बात है कि दोनों नेताओं ने अपनी उस पुरानी छवि को इस अवसर पर दुरुस्त करके दिखाया। हालांकि अब भी विपक्षी गठबंधन को लगता है कि गठबंधन की यह सरकार लंबे समय तक चल नहीं पाएगी, मगर फिलहाल तो इसे एक खामखयाली ही माना जाना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि तीसरी बार जिम्मेदारी मिलने के बाद प्रधानमंत्री के कामकाज के तरीके में कुछ बदलाव देखा जा सकेगा। केवल इसलिए नहीं कि उन पर लगातार गठबंधन का दबाव बना रहेगा, बल्कि इसलिए भी कि इस लोकसभा का चुनाव भाजपा उनके नाम पर लड़ी थी। प्रधानमंत्री ने खुद अपने नाम से बहुत सारे कामों की गारंटी दी है। उन गारंटियों को पूरा करने का दायित्व उन पर ही है। उन्हें पूरा करने के लिए नए ढंग से रणनीति बनानी होगी। उसमें स्वाभाविक ही सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने की जरूरत पड़ेगी। घटक दलों ने सत्ता की बागडोर उनके हाथ में सौंपी है, तो जाहिर है कि उनकी मांगें मान ली गई हैं। विभागों आदि के बंटवारे पर सहमति बन चुकी है। इसलिए जो विभाग भाजपा से इतर दलों को मिलेंगे, वे प्रधानमंत्री की नीतियों और योजनाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंगे। कोई भी सरकार तकरार से चल नहीं सकती और न उससे किसी दल को लाभ मिलता है। इसलिए घटक दलों को यह बात अच्छी तरह पता है कि सरकार की उपलब्धियों पर ही उनकी भी सफलता और विफलता निर्भर करती है। यह जरूर है कि पिछली दो सरकारों के समय जिस तरह प्रधानमंत्री और उनके मंत्री फैसले करते, नीतियों का निर्धारण करते रहे हैं, अनेक मौकों पर विधेयकों को बिना उचित बहस के पारित करा लिया गया, अब वैसा संभव नहीं होगा। इसलिए कि सदन में एक मजबूत विपक्ष भी मौजूद रहेगा और उसकी बातों की अनदेखी करना संभव नहीं होगा। इस लिहाज से भी प्रधानमंत्री के पास एक अच्छा अवसर होगा कि वे लोकतांत्रिक ढंग से मुद्दों पर निर्णय कर सकेंगे। ऐसे निर्णयों में स्थायीत्व होगा और किसी प्रकार के विवाद की गुंजाइश कम होगी।

कैंप में प्राप्त किये विभिन्न प्रशिक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता) । समग्र शिक्षा देहरादून के माध्यम से लगाई गई वर्चुअल क्लासेस के माध्यम से विभिन्न मार्गदर्शकों द्वारा आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में समापन किया गया। समर कैंप में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की बालिकाओं को मार्गदर्शकों द्वारा योग,भरतनाट्यम,कठपुतली बनाना एवं नृत्य का प्रशिक्षण दिया गया । समर कैंप प्रभारी आईटी शिक्षिका निधि पनेरु ने बताया कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की 50 बालिकाओं ने समर कैंप में भाग लेकर विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त किये ,इस दौरान कॉलेज की प्रधानाचार्य रश्मि आर्या,प्रवक्ता माया भोज,कुसुम लता,निधि पनेरु,मिनती रानी विश्वास,नीरू जोशी,ललिता बिष्ट,नंदिनी शर्मा आदि द्वारा प्रतिभाग करते हुए भरपूर सहयोग किया गया। वहीं समर कैंप के दौरान विद्यालय परिसर में पर्यावरण दिवस का भी आयोजन किया गया जहां 5 जून से 11 जून तक चलने वाले पर्यावरण सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण एवं सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नंदनी,सायरीन,रेनू चंद्रा, मानसी, अंजलि, सानिया,शमा,सपना,पूजा,वंदना, राधा आदि छात्राएं शामिल रहीं ।

चौंकाने वाले रहे 2024 के चुनाव परिणाम

18वीं लोकसभा चुनाव के आए परिणामों ने तय कर दिया है कि ये परिणाम चौंकाने वाले हैं। 64 करोड़ 2 लाख मतदाताओं ने इस चुनाव में अपने मत का उपयोग कर अपने प्रतिनिधि को चुन लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगाया गया 400 पार का नारा साकार नहीं हुआ लेकिन राजग गठबंधन को जो 295 के करीब सीटें मिल रही हैं, वे नरेंद्र मोदी के प्रचार अभियान और लोक-कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारने के चलते ही मिली हैं। यही नहीं भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी दलों के साथ ओडिशा, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल और सिक्किम में विधानसभा चुनाव जीतकर सरकार बनाने जा रही है। धारा-370 और 35-ए के खात्मे के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार लोकसभा के चुनाव हुए हैं। इस चुनाव में कश्मीर में आजादी के बाद से ही सत्तारूढ़ रहे परिवारवादी दल पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख महबूबा मुफ्ती अनंतनाग से और फारूख अब्दुल्ला के बेटे उमर अब्दुल्ला बारामुला से चुनाव हार गए हैं। उमर अब्दुल्ला को हराने वाले इंजीनियर राशिद शेख ने जेल में रहकर चुनाव लड़ा और जीत भी गए। फिलहाल वे टेरर फंडिग मामले में तिहाड़ जेल में बंद है। जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की बहाली और महबूबा एवं उमर की हार ने तय कर दिया है कि नरेंद्र मोदी के परिवारवाद से मुक्ति के नारे ने घाटी में अपना काम कर दिया है। मुफ्ती को चुनाव में करारी शिकस्त नेकां के नेता मियां अल्ताफ अहमद ने दी है। अलताफ करीब ढाई लाख मतों से जीते हैं। दूसरी तरफ जम्मू-संवाद की दो सीटों उधमपुर और जम्मू पर भाजपा ने अपनी जीत दर्ज कराई है। उधमपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार डॉ जितेंद्र सिंह ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कराई है। लद्दाख में आजाद उम्मीदवार मोहम्मद हनीफा जीते हैं। उन्होंने इस सीट पर कांग्रेस के सेरिंग नामग्याल और भाजपा के ताशा ग्यालसन को हरा दिया है। जम्मू संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार जुगल किशोर शर्मा की जीत कांग्रेस के रमन भल्ला के मुकाबले में तय मानी जा रही है। बहरहाल जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की बहाली ने तय कर दिया है कि धारा-370 खत्म होने के बाद वहां की जनता सुकून महसूस कर रही है। पर्यटकों की बड़ी आमद ने भी घाटी में जनता की आर्थिक बद्हाली दूर करने का काम किया है। महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला को हराकर जनता ने जता दिया है कि स्वतंत्रता के बाद से ही इन परिवारों ने जनता के साथ अच्छा नहीं किया। दो विधान, दो निशान और दो प्रधान को बनाए रखा। अपने हितों के लिए जम्मू-कश्मीर में विशेश दर्जे के विधानों की पैरवी करते रहे और स्थानीय जनता को भ्रम में रखकर सत्तारूढ़ भी बने रहे। अब जनता इनकी चालाकियों को समझ गई है, नतीजतन उसने इन दोनों परिवारों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। 18वीं लोकसभा चुनाव के आए परिणामों के बाद स्थिति साफ हो गई। 64 करोड़ 2 लाख मतदाताओं ने अपने आमूल्य मत से अपना प्रतिनिधि चुन लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति और मजहब को हवा देकर 400 पार जाने का दंभ भरा था, लेकिन मतदाता ने ऐड़ लगाकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 295 सीटों पर सिमटाकर जता दिया कि अंततः लोकतंत्र में जीत या हार का आधार जागरूक मतदाता ही है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ और निष्पक्षता का दंभ भरने वाले समाचार चैनलों ने एग्जिट पोल में भाजपा को 300 और राजग को 400 पार करा दिया था। लेकिन चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया कि वास्तविक परिणामों को कुछ हजार मतदाताओं से बात करके कदापि निर्णय को नहीं जाना जा सकता है। अतएव परिणाम पूर्व समाचार चौनलों द्वारा कराए गए अनुमानित सर्वेक्षण धराशायी दिखाई दिए है। जिस इंडिया गठबंधन को बहुत पीछे बताया जा रहा था। उसने 233 सीटें लाकर जता दिया है कि मतदाता डूबते जहाज को भी किनारे लगा सकता है। खासतौर से उत्तरप्रदेश में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। यहां हिंदु मतों को नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने जिस तरह से ध्रुवीकृत किया वह उत्तरप्रदेश में भाजपा को उल्टा पड़ता दिखाई दिया है। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने दिसंबर 2023 में नए मुख्यमंत्रियों का चयन जातिगत आधार पर बहुत सोच-समझकर किया था, इसका उसे लाभ नहीं मिला। मध्यप्रदेश में मोहन यादव को इसलिए मुख्यमंत्री बनाया गया था जिससे उत्तर प्रदेश और बिहार के यादव मतदाताओं को साधा जा सके। लेकिन, उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव ने यादव, मुसलमान और बहुजन समाज पार्टी के वोट लेकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इंडिया गठबंधन का सहयोगी दल होने का लाभ अखिलेश को मिला। नतीजतन उत्तर प्रदेश में जाति और धर्म की राजनीति भाजपा के काम नहीं आई। अतएव 80 में से करीब 33 सीटें समाजवादी पार्टी के खाते में, 36 भाजपा के, 7 कांग्रेस के और दो राष्ट्रीय लोकदल के खाते में चली गई। ये भाजपा के लिए बड़ा झटका है। क्योंकि राम मंदिर निर्माण के चलते माना जा रहा था कि सभी जातियों का वोट भाजपा को मिलेगा और वह अधिकतम सीटें जीत जाएगी। लेकिन जातीय और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण ने सपा के पक्ष में चला गया। भाजपा के पास मौजूदा वक्त में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और बिहार में कोई प्रमुख यादव नेता नहीं है, गोया, इस नाम के सहारे इन राज्यों में जो बंसी बजाने का उपाय किया था, वह बन ही नहीं पाई। चूंकि छत्तीसगढ़ में आदिवासी विष्णुदेव को मुख्यमंत्री बना दिया गया था, इसलिए मध्यप्रदेश में फिर से ओबीसी कार्ड खेलना शिखर नेतृत्व को ऐसा लग रहा था कि यह कार्ड उत्तर प्रदेश और बिहार में भी चल जाएगा। मध्यप्रदेश में केंद्रीय नेतृत्व ने मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर यह संदेश देने की कोशिश की थी कि उत्तरप्रदेश और बिहार के यादवों को यह संदेश पहुंच जाएगा कि भाजपा का साथ दिया तो मोहन यादव जैसे साधारण कार्यकर्ता की तरह इन राज्यों में भी भाजपा बहुमत में आती है तो यादवी मुख्यमंत्री का कार्ड खेल सकती है। लेकिन, उत्तर ॐप्रदेश के यादवों में भाजपा मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा जगा नहीं पाई। दरअसल मोहन यादव के चेहरे को महत्व देकर भाजपा ने उत्तर प्रदेश की पिछड़े वर्ग की 54 प्रतिशत आबादी को साधने की कोशिश की थी। इसमें 20 प्रतिशत यादव समाज के मतदाता हैं। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटे हैं और प्रधानमंत्री बनने का मार्ग यहीं से खुलता है। बिहार में लोकसभा की 40 सीटे हैं। यहां पिछड़े वर्ग की कुल आबादी 63 प्रतिशत है, जिसमें 14 प्रतिशत यादव बताए जाते हैं। अतएव मोहन यादव के माध्यम से यादव मतदाताओं को साधने की यह कवायद आम चुनाव में भाजपा को लाभदायी साबित होने की उम्मीद थी, जिसपर परिणाम आने के बाद पानी फिर गया।राजस्थान में ब्राह्मण चेहरे के रूप में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया था। जिससे राजस्थान में ब्राह्मणों समेत अन्य सवर्ण समाज के मतदाताओं का मत भाजपा की झोली में चला जाए, लेकिन ऐसा पूरी तरह हो नहीं पाया। भाजपा राजस्थान में 13 और कांग्रेस 11 सीटों पर जीत दर्ज कराती दिख रही है। कांग्रेस के लिए यह बड़ी सफलता है। क्योंकि सात माह पहले भी कांग्रेस को राजस्थान अशोक गहलोत की सरकार गंवानी पड़ी थी। हालांकि राजस्थान में मुख्यमंत्री बनने की असली हकदार वसुंधरा राजे सिंधिया थीं, उन्हें किनारा करके भजनलाल के माथे पर मुख्यमंत्री पद का आदेश चास्पा कर दिया था। संभव है, वसुंधरा ने अपनी ताकत दिखाने के नजरिए से भाजपा को नुकसान पहुंचाने का काम किया हो ? अन्यथा राजस्थान में भाजपा लोकसभा की सभी सीटें जीतती रही है। मध्यप्रदेश में सभी 29 सीटों पर भाजपा बढ़त बनाए हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ चुनाव हार रहे हैं। इंदौर में कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नाटकीय ढंग से अंतिम दिन अपना पर्चा वापस लेकर भाजपा का दामन थाम लिया था। गोया, कांग्रेस का प्रत्याशी ही इंदौर लोकसभा सीट पर नहीं रह गया था। जाति और धर्म की राजनीति की तरह यह नाटकीय घटनाक्रम भी इंदौर के मतदाताओं को भाया नहीं और इंदौर के जागरूक मतदाताओं ने अपनी नाराजी जताते हुए 2 लाख से भी ज्यादा वोट नोटा को दिए। नोटा को मिलने वाले देश में ये सबसे ज्यादा वोट हैं। इसके पहले उत्तर प्रदेश के गोपालगंज से नोटा को सबसे ज्यादा वोट मिले थे। हालांकि इंदौर से भाजपा के प्रत्याशी शंकर लालवानी करीब 12 लाख मतों से जीत रहे हैं। लेकिन इस तरह से कांग्रेस प्रत्याशी पर दबाव बनाकर पर्चा वापस कराना लोकतंत्र के लिए हितकारी नहीं है। मध्यप्रदेश में भाजपा ने जो सभी सीटें जीती हैं, उसमें न तो नरेंद्र मोदी और अमित शाह का कोई करिश्मा काम आया है और न ही मोहन यादव ने कोई चमत्कार दिखाया है। यहां की विजय का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी लाडली बहनों को जाता है। इसीलिए शिवराज सिंह चौहान करीब 8 लाख वोटों से विदिशा लोकसभा सीट से जीत दर्ज कराने की ओर बढ़ रहे हैं। बहरहाल मतदाता ने इस चुनाव में हर प्रकार के अतिवाद को नकारा है। धर्म और जाति की आक्रामकता ने उत्तर प्रदेश में नुकसान पहुंचाया कमलेश वैसा ही राजस्थान, हरियाणा ने किया। अतएव देश के नेताओं को यह चुनाव एक सबक है, कि वे संतुलन और समन्वय की राजनीति से पेश आएं।

-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार।

शिविर में कराया योग आसनों का अभ्यास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय योग संस्थान के तत्वाधान में एलाइंस कॉलोनी में चल रहे मधुमेह रोग निवारण योग साधना शिविर के दूसरे दिन की साधना का शुभारंभ गायत्री मंत्र एवं सूक्ष्म क्रियाओं के साथ श्रीमती प्रवीण अरोड़ा ने कराया। उत्तराखंड प्रदेश मंत्री भारतीय योग संस्थान मोहनलाल विरमानी ने बैठने वाले आसनो का अभ्यास कराया तथा एनएल गंगवार ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। पेट के बल व पीठ के बल के आसान श्रीमती प्रवीण अरोड़ा ने कराये। हास्य योग का अभ्यास अमर योग क्लब के योगाचार्य अशोक कालरा के द्वारा कराया गया। मोहनलाल विरमानी ने भारतीय योग संस्थान के योगदान पर भी प्रकाश डाला। महावीर सिंह चौधरी जिला मंत्री रुद्रपुर द्वारा आसनो का प्रदर्शन किया गया और भारतीय योग संस्थान की उपलब्ध सामग्री का भी वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम का मंच संचालन केंद्र प्रमुख श्रीमती कमला सिंह द्वारा किया गया। मधुमेह रोग निवारण शिविर में साधक साधिकाओं में बहुत ही उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

नशीले पदार्थों के खिलाफ चलायें चैकिंग अभियान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने जिले में मादक पदार्थों के प्रभावी रोकथाम और निगरानी के लिए सख्त कदम उठाने को कहा है। कहा कि युवा पीढ़ी को नशीले पदार्थों के सेवन से बचाने के लिए हर हाल में सभी को संयुक्त प्रयास करने होंगे। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि नशे के खिलाफ अभियान चलाकर नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर लोगों के मध्य जन जागरूकता फैलाने हेतु व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाए। जिलाधिकारी ने स्कूलों एवं महाविद्यालयों में भी बृहद रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम के आयोजन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सीएमओ को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चे दवाई का गलत प्रयोग न कर सके इस हेतु मेडिकल स्टोरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के साथ ही इसका निरीक्षण भी कर लिया जाए। पुलिस अधीक्षक अक्षय कॉडे ने जनपद में मादक पदार्थों की निगरानी,भांग एवं पोस्त की अवैध खेती की जॉच, अन्तर्राज्यीय प्रकरणों में जाँच, मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता अभियान, मादक पदार्थों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्र में वैकल्पिक विकास, जाँच उपकरणों की आवश्यकता, नशामुक्ति पुनर्वास केन्द्र का पर्यवेक्षण के सम्बन्ध में जानकारी दी। बैठक में एसडीएम मोनिका, मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह सोन, सीओ पुलिस अंकित कण्डारी अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

भगवान राम सबके आराध्य : रामभद्राचार्य

कनखल में गंगा के पावन तट पर रामभद्राचार्य जी की नौ दिवसीय राम कथा शुरू

हरिद्वार(उद संवाददाता)। पद्मविभूषण जाने माने श्री राम कथा वाचक स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज की नौ दिवसीय संगीतमय राम कथा आज कनखल राजघाट में गंगा के पावन तट पर शुरू हुई। श्री राम कथा समारोह का संचालन आचार्य रामचंद्र दास महाराज ने किया। स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज ने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि शिव के बिना राम कथा अधूरी है। जब पार्वती ने भगवान शिव के समक्ष भगवान श्री राम के चरित्र के संबंध में 16 प्रश्नावली प्रस्तुत की तो भगवान शिव के सामने मानो पूरा रामचरित मानस प्रकट हो गया और भगवान शिव ने भगवान श्री राम के चरित्र का बखान करते हुए मंगल भवन अमंगल हारी, यानी भगवान राम का ऐसा चरित्र है कि उनका नाम लेने से ही सारे अमंगल दूर हो जाते हैं और मंगल ही मंगल होता है।उन्होंने भगवान श्री राम और भगवान शिव की भक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों एक दूसरे का पूजन अभिषेक करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम सबके आराध्या हैं। इस अवसर पर स्वामी रामभद्राचार्य जी का कथा स्थल पर पहुंचने पर कथा के आयोजक मुख्य यजमान प्रशांत शर्मा और अचिन अग्रवाल ने उनका अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। स्वागत समिति के वरिष्ठ सदस्य नितिन माना, सुनील अग्रवाल गुड्डू, अखिलेश बिट्टू शिवपुरी, गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम, नमित गोयल, गगन गुप्ता, गौरव गुप्ता आदि ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। गणेश पूजन के साथ कथा का प्रारंभ हुआ। श्री उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा राजघाट कनखल की ओर से महंत दामोदर शरण दास, महंत गोविंद दास, महंत राघवेंद्र दास और स्वामी डॉक्टर केशवानंद महाराज ने स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। सुप्रसिद्ध बैरागी संत स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज ने शिव की ससुराल कनखल में राम कथा की सरिता बहाई। कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रशांत शर्मा और अचिन अग्रवाल ने बताया कि श्री राम कथा 15 जून तक चलेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश गोयल, अभिनंदन गुप्ता, पार्थ अग्रवाल, विपिन मित्तल, निश्चल गुप्ता, अमित गुप्ता आदि ने सहयोग किया। स्वामी रामभद्राचार्य जी की कथा से पहले हरिद्वार के कनखल उपनगर में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा शंकराचार्य चौक मित्तल धाम से शुरू हुई और कनखल के मुख्य बाजारों बंगाली मोड, महात्मा गांधी मार्ग, पहाड़ी बाजार, चौक बाजार, दक्षेश्वर महादेव मंदिर मार्ग से होती हुई कथा स्थल राजघाट में समाप्त हुई। कलश यात्रा का जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में 6 जून 2024 को रुद्रपुर नगर निगम ने रोटरी क्लब और विभिन्न स्कूलों के इंटरेक्ट क्लब के सहयोग से चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के इंटरेक्ट क्लब के छात्र.छात्राओ ने भाग लिया।प्रतियोगिता में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन पर पोस्टर और चित्र बनाकर अपनी कला कौशल का प्रदर्शन कियाद्य साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के विषय पर हिंदी और अंग्रेजी में निबंध लिखे। इस अवसर पर उपनगर आयुक्त ने छात्रों को संबोधित किया और पर्यावरण प्रदूषणए उसमें मानव द्वारा की गई त्रुटियां और उन्हें सुधारने के उपायों पर बहुमूल्य जानकारी दी। उन्होंने हमारे ग्रह की सुरक्षा के लिए तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह के अंत में प्रतियोगिता के विजयी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया ।आरएएन पब्लिक स्कूल की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा काव्य चावला ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया । अन्य छात्रों को भी पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एचके राय राय प्रबंधक श्रीमान मोहित राय प्रशासिका श्रीमती निधि राय एवं प्रधानाचार्य श्रीमती भावना भनोट जी ने काव्या को बधाई दी एवं सभी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और उसके प्रति सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

विद्यालय परिसर में किया पौधारोपण

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी शिक्षकों ने मिलकर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना और पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख एवम प्रधानाचार्य कमलजीत कौर औलख ने संयुक्त रूप से की जिसमें उन्होंने पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ष्हम सबको मिलकर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कदम उठाने होंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके।ष इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने मिलकर 200 पेड़ विद्यालय परिसर में लगाए। प्रधानाचार्य महोदय ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को उनके सहयोग और उत्साह के लिए धन्यवाद दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने यह भी घोषणा की कि विद्यालय भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करेगा ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती रहे। विद्यालय परिसर में उप प्रधानाचार्य सीमा जोशी, कोऑर्डिनेटर भूपेन्द्र सिंह ,सुखवंत कौर ,सिमरनजीत कौर,प्रदीप कौर, गीता तिवारी,अनुपमा दुबे, अमित पाठक, गुरुदेव राणा,सुमित कुमार, अशोक कुमार,रौनक खान,एकता बोरा, रमनदीप कौर नवनीत कौर आदि उपस्थिति रहे।

बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा कल रूद्रपुर में

डोली के स्वागत के साथ भव्य श्री बाला जी का दरबार एवं भंडारे का होगा आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा जिसका शुभारंभ गत 16 मई को ढूंग से हुआ था।उत्तराखंड के विभिन्न देवस्थलों से गुजरती हुई कल 9 जून दिन रविवार को सायं 4.30 बजे गल्ला मंडी आएगी। बाबा विश्वनाथ जगदीशशिला डोली यात्रा के जिला उधम सिंह नगर संयोजक दिनेश भट्ट ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि गल्ला मंडी से मुख्य बाजार होते हुए गंगापुर रोड पर श्री नीलकंठ धाम शैलजा कॉलोनी में डोली का भव्य स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात होटल कोरीयनथन जेपीएस स्कूल के सामने तीन पानी रोड़ गणेश गार्डन रुद्रपुर पहुंचेगी। वहा पर स्वागत एवं रात्रि 7 बजे से भव्य श्री बाला जी का दरबार एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रा के स्वागत की भव्य तैयारियां की गई हैं। क्षेत्र की समस्त जनता को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का आवाहन किया। बाबा विश्वनाथ जगदीशशिला डोली यात्रा के जिला उधम सिंह नगर संयोजक दिनेश भट्ट का कहना है कि बाबा विश्वनाथ जगदीश शिला डोली पूरे उत्तराखंड के भ्रमण पर निकली है। प्रतिवर्ष यह यात्रा चलती है।डोली का भ्रमण कार्यक्रम 16 जून तक है। इस दौरान डोली चारों धामों के साथ पूरे उत्तराखंड के विभिन्न देवालयों में साढ़े 10 हजार किलोमीटर की दूरी तय करेगी। बाबा विश्वनाथ जगदीशिला डोली विश्व की शांति की कामना के लिए और प्रदेश की प्रगति के लिए चलती है।16 जून को यात्रा सम्पन्न होगी। प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा ने कहा कि यात्रा के रुद्रपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तो को यात्रा में पहुंचने का आव्हान किया। श्री शर्मा ने कहा कि बाबा विश्वनाथ मां जगदीशीला यात्रा उत्तराखंड के विभिन्न देवस्थलों से गुजर रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्रीप्रसाद नैथानी इस यात्रा के मुख्य संयोजक हैं।

220 पाउच कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर/कुंडा(उद संवाददाता)। क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस टीम ने अवैध कच्ची शराब के एक कारोबारी को पड़कर उसके कब्जे से 220 पाउच (37 लीटर) अवैध कच्ची शराब बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्कर का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक एस एच ओ विक्रम राठौर के निर्देश पर पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी इसी दौरान उसने क्षेत्र से ग्राम केसरी गणेश थाना कुंडा निवासी रांझा सिंह पुत्र बच्चन सिंह को संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 220 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद पकड़े गए शराब तस्कर का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

पेज एक का शेष...

भारतीय सेना को मिले.......जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने ली। इस दौरान आईएमए के कमांडेंट ले. जनरल संदीप जैन, डिप्टी कमांडेंट मेजर जनरल आलोक नरेश भी साथ रहे। निरीक्षण अधिकारी ने अंतरिक्ष, साइबर और सूचना क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति के बीच युद्ध की तेजी से बदलती प्रकृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने जटिल और प्रतिस्पर्धी युद्धक्षेत्रों में प्रभावी ढंगसे काम करने के लिए तकनीकी दक्षताओं को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। परेड के उपरांत आयोजित होने वाली पीपिंग व ओथ सेरेमनी के बाद 154वें रेगुलर कोर्स और 137वें टेक्नीकल ग्रेजुएट कोर्स के कुल 394 आफिसर कैडेट बतौर लेफ्टिनेंट देश-विदेश की सेना की मुख्यधारा में शामिल हो गए। इनमें 355 युवा सैन्य अधिकारी भारतीय थलसेना को मिले। जबकि 39 युवा सैन्य अधिकारी मित्र देशों की सेना का अभिन्न अंग बने। शनिवार को सैन्य अकादमी के नाम देश-विदेश की सेना को 65 हजार 628 युवा सैन्य अधिकारी देने का गौरव जुड़ गया। इनमें मित्र देशों को मिले 2,953 सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं। इन्हें मिला अवार्ड: स्वार्ड आफ आनर- प्रवीण सिंह, स्वर्ण पदक - प्रवीण सिंह, रजत पदक- मोहित कापड़ी, रजत पदक टीजी - विनय भंडारी, कांस्य पद- शौर्य भट्ट, चीफ आफ आर्मी स्टाफ बैनर-कोहिमा कंपनी शामिल है। पीओपी के मद्देनजर अकादमी के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। चप्पे-चप्पे पर सेना के सशस्त्र जवान तैनात रहे।

फर्जी हस्ताक्षर से हड़पे........मई 2024 को उनके द्वारा दो व्यक्तियों के टीए भुगतान हेतु अनुमति ली गई तथा बैंक को भी उसी प्रकार भुगतान हेतु पत्र प्रेषित किया गया । जिसमें जिला प्रोवेशन अधिकारी के ही हस्ताक्षर है। परन्तु पीपीए जो कि रामपाल सिंह द्वारा ही बनाया गया है में केवल जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन के खाते में बारह हजार दो सौ छप्पन रूपये की धनराशि हस्तान्तरित की गई। जो कि 2800 रूपये एंव 9456 रूपये की दोनो धनराशि का भुगतान अधोहस्ताक्षरी के व्यक्तिगत बचत खाते में कर दिया गया। 22 मई 2024 से पीपीए धनराशि 9456 रूपये का हस्ताक्षर से सम्बन्धित कर्मचारी को स्वयं भुगतान कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर लेखाकार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दबंगों ने परिजनों पर.........बचाएया। उसका आरोप है कि उसे फसाने ब उसके घर की जमीन पर कब्जा कर मंदिर की चार दीवार के अंदर करने की नियत से उक्त लोगों ने मंदिर की चार दीवारी तोड़नी शुरू कर दी। मोहल्ले के लोगों ने मंदिर की दीवार तोड़ने को मना करने पर उसके घर की दीवार व कलम भी तोड़ दिए। और धमकी दी कि मंदिर की दीवार तोड़कर जमीन कब्जा कर रहा है अब तुझे पुलिस में बंद करवाएंगे। पीड़ित का कहना है कि उसने घटना की सूचना समय डायल 112 पर पुलिस को की। घटना की लिखित शिकायत पुलिस चौकी रम्पुरा में देने पर उक्त लोगों के राजनीतिक प्रभाव में पुलिस ने उसका ही पुलिस एक्ट में रुपए ढाई सौ का चालान काट दिया। घर वापस आने पर हमलावर पुन: उसके घर आ धमके और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उसे धमकी दी हमारे ही खिलाफ पुलिस में तहरीर दी अब हम तुझे चौराहे पर जूते मारकर मोहल्ले से निकलेंगे अब तेरा घर यहां नहीं बनने देंगे। पीड़ित का कहना है एक हमलावर ने कहा कि यह सब विधायक के कहने से हो रहा है कहते हुए उसके घर का दूसरा कॉलम ब दीवार तोड़ दी। मोहल्ले के लोगों ने बचाने व रोकने की कोशिश की तो उन्हें भी गालियां देते हुए मारपीट पर आमादा हो गए।

उत्तराखण्ड में हैट्रिक के..........पाने वाले धामी कैबिनेट के सदस्यों को क्या नसीहत दी जाती है? बताना होगा कि संपन्न आम चुनाव में धामी कैबिनेट के अधिकांश मंत्रियों का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। धामी कैबिनेट के सदस्य सौरभ बहुगुणा के अलावा और कोई भी मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 के आम चुनाव की तुलना में अबकी बार भारतीय जनता पार्टी के वोटो की संख्या में मामूली बढ़ोतरी भी नहीं कर सका ।कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा धामी मंत्रिमंडल के इकलौते सदस्य हैं, जिनकी विधानसभा सितारगंज सीट पर भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव तुलना में इस बार अधिक वोट प्राप्त हुए हैं ।बात अगर भाजपा के वोट शेयर घटने की करें ,तो अबकी बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 2014 और और 2019 के मुकाबले कम वोट मिले इस तरह भाजपा का वोट शेयर जो 2019 के चुनावों में 61।70 प्रतिशत था, वो गिरकर 56।81 प्रतिशत पर आ गया है ।हालांकि भाजपा के लिए थोड़ी राहत की बात यह है कि उसकी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस का वोट शेयर तकरीबन एक प्रतिशत ही बढ़ा है मगर इससे भाजपा खुश नहीं हो सकती, क्योंकि मुद्दे गरमाने और वोटो के ध्रुवीकरण की स्थिति में मत प्रतिशत बढ़ते देर नहीं लगती ।

राज मिस्त्री ने फांसी.......उसकी मौत हो चुकी थी। प्रात: कृपा को जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मामले की जानकारी मिली तो चिकित्सालय पहुंचकर पुलिस ने परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

बैंक में कम्रचारी ने खाया........किया गया था। बृहस्पतिवार शाम इलाज के दौरान अमित की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि पांच जून को ड्यूटी के दौरान अमित की अधिकारियों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस कारण उसने बैंक की शाखा में ही जहरीला पदार्थ खा लिया था। अमित को द्वाराहाट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजन उसे इलाज के लिए रानीखेत अस्पताल ले गए। यहां तबीयत बिगड़ने पर उसे बुधवार को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बृहस्पतिवार शाम अमित की मौत हो गई। अमित की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अमित के परिवार में उसकी पत्नी प्रीति, बेटा आयु और बेटी सताक्षी है। अमित की नौकरी से ही परिवार का पालन पोषण होता था। परिजनों ने बैंक प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। मेडिकल चौकी प्रभारी मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

बैंक खाते से .....खाते से यूपीआई के माध्यम से 8:30 लाख रुपए धोखाधड़ी कर निकाल लिए गए। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

डीएम कैम्प कार्यालय...की जांच के बाद प्राथमिक जांच में शिकायत सही पाई गई। आचार संहिता हटने के बाद एसएसपी प्रह्लाद सिंह मीणा ने ड्यूटी के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने पर तीनों को निलंबित कर दिया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

गुरू मां

A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये

घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में*

आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन

BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*

आधार लाये
उधार ले जाइये

SBI
CASH BACK UPTO 5%*

VOLTAS | DAIKIN | MITSUBISHI ELECTRIC | AMSTRAD | HITACHI | Carrier | SAMSUNG | BLUE STAR | IFB | Whirlpool | LLOYD

रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338